भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1777**

जिसका उत्तर दिनांक 27.07.2022 को दिया जाना है

**यूरेनियम भंडार**

**1777. श्री राहुल कस्वां :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वर्तमान में विशेषरूप से राजस्थान के विभिन्न संयंत्रों में उपलब्ध यूरेनियम भंडारों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एन.जी.आर.आई.) ने देश के विभिन्न राज्यों में विशेषरूप से राजस्थान के सीकर जिले में यूरेनियम भंडारों के संभावित क्षेत्र की पहचान की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन क्षेत्रों में विशेषरूप से राजस्थान के सीकर जिले में यूरेनियम भंडारों की अनुमानित मात्रा का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त भंडारों से यूरेनियम के निष्कर्षण और उक्त राज्यों में विशेषरूप से राजस्थान में यूरेनियम शोधन संयंत्र की स्थापना के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) की एक संघटक इकाई परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मेघालय, राजस्थान, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र में सैंतालीस (47) यूरेनियम निक्षेपों में कुल 3,82,675 टन (टी), स्वस्थाने, $U_3O_8$ निर्धारित किया है। यूरेनियम निक्षेपों का राज्य-वार विवरण सारणी-1 में दिया गया है।

राजस्थान में, एएमडी ने पांच (05) यूरेनियम निक्षेपों में कुल 15,631 टन, स्वस्थाने, $U_3O_8$ निर्धारित किया है। यूरेनियम निक्षेपों का विवरण सारणी-1 में दिया गया है।

(ख) जी, नहीं। एएमडी देश के संभावित भूवैज्ञानिक क्षेत्रों में यूरेनियम का अन्वेषण कर रहा है। अन्वेषण कार्यक्रम के भाग के रूप में, एएमडी हेलीबोर्न भूभौतिकीय सर्वेक्षण का कुछ हिस्सा, एएमडी द्वारा निर्धारित किए जाने के अतिरिक्त, राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) से बाहरी स्रोत से सेवाएं प्राप्त करता है।

(ग) उत्तर (ख) के मद्देनजर, प्रश्न नहीं उठता।

आगे, एएमडी द्वारा निर्धारित निक्षेपों में यूरेनियम की अनुमानित मात्रा राज्य-वार विशेष रूप से सीकर जिला, राजस्थान में सारणी-1 में दी गई है।

(घ) एएमडी द्वारा निर्धारित यूरेनियम निक्षेपों की रिपोर्टें परमाणु ऊर्जा विभाग के सार्वजनिक उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) को खनन के लिए सौंप दी जाती हैं। खनन प्रौद्योगिकी और आर्थिक व्यवस्था महत्वपूर्ण मानदण्ड हैं जो अन्य खनन निक्षेपों के समान निक्षेप का दोहन और निष्कर्षण निर्धारित करते हैं।

साविधिक अनुमति प्राप्त करने के लिए अपेक्षित पूर्व-परियोजना गतिविधियां यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा आरम्भ की गई हैं। इसके भाग के रूप में, राजस्थान राज्य सरकार ने यूसीआईएल को खनन पट्टा प्रदान करने के लिए आशय पत्र (एलओआई) जारी किया है।

वर्तमान में, झारखंड में जादूगुडा, नरवापहाड़, बागज़ाता, भाटिन, बांडुहुरंग, तुरमडीह और मोहुलडीह तथा आंध्र प्रदेश में तुम्मलापल्ली में निक्षेपों का यूसीआईएल द्वारा दोहन किया जा रहा हैं।

*****

## सारणी-1 : यूरेनियम स्रोतों का राज्य-वार विवरण

| राज्य | जिला | निक्षेप का नाम | स्रोत (टन) $U_3O_8$ | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | कड़प्पा | तुम्मलापल्ली समूह | 2,25,879 | मौजूदा खान (अन्वेषणाधीन) |
| | गुंटूर | कोप्पुनुरु | 2,761 | अन्वेषणाधीन |
| | **पूर्ण योग** | | **2,28,640** | |
| तेलंगाना | नलगोंडा | लम्बापुर | 1,450 | योजनाबद्ध खनन केंद |
| | | पेद्दागट्टू | 7,585 | योजनाबद्ध खनन केंद |
| | | चित्रियल | 9,515 | योजनाबद्ध खनन केंद |
| | **पूर्ण योग** | | **18,550** | |
| झारखंड | पूर्वी सिंहभूम | जादूगुड़ा | 8,038 | मौजूदा खान |
| | | जादूगुड़ा नार्थ – बागलसाई - मेचुआ | 7,555 | अन्वेषणाधीन |
| | | भाटिन | 1,700 | मौजूदा खान |
| | | नरवापहाड़ (एनडब्ल्यूपी) + एनडब्ल्यूपी विस्तार | 11,780 | मौजूदा खान |
| | | नरवापहाड़ दीपर | 10,723* | मौजूदा खान का विस्तार |
| | | सिंगरीडुंगरी-बनाडुगरी | 9,856* | अन्वेषणाधीन |
| | | तुरमडीह समूह | 11,510 | मौजूदा खान |
| | | बांडुहुरंग | 6,489 | मौजूदा खान |
| | | बागजाता | 1,860 | मौजूदा खान |
| | | मोहुलडीह | 3,330 | मौजूदा खान |
| | | गाराडीह | 1,270 | लघु निक्षेप |
| | | कन्यालुका | 1,970 | लघु निक्षेप |
| | | निमडीह | 815 | लघु निक्षेप |
| | | राजगांव | 1,200 | लघु निक्षेप |
| | | राजदाह | 1,019 | अन्वेषणाधीन |
| | | कुदादा | 2,000 | अन्वेषणाधीन |
| | सराइकेला-खरस्वान | बंगुरडीह | 1,785 | अन्वेषणाधीन |
| | **पूर्ण योग** | | **82,900** | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **मेघालय** | दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स | केपीएम (डोमियासियाट) | 9,500 | योजनाबद्ध खनन केंद |
| | | वाहकिन – वाहकुट | 9,764 | योजनाबद्ध अन्वेषणात्मक खनन |
| | | गोमाघाट-फलांग्डिलाँग | 1,000 | लघु निक्षेप |
| | | तिरनई | 600 | लघु निक्षेप |
| | | लॉस्टाइन | 869 | लघु निक्षेप |
| | | उमथॉन्गकुट | 1,535 | लघु निक्षेप |
| | **पूर्ण योग** | | **23,268** | |
| **राजस्थान** | सिकर | रोहिल | 8,813 | अन्वेषणात्मक खनन केन्द्र (अन्वेषणाधीन) |
| | | रोहिल (पश्चिम) | 1,086 | अन्वेषणाधीन |
| | | जहाज़ | 3,570 | अन्वेषणाधीन |
| | | गेराटियोन की धानी | 1,002 | अन्वेषणाधीन |
| | उदयपुर | उमरा | 1,160 | लघु निक्षेप |
| | **पूर्ण योग** | | **15,631** | |
| **कर्नाटक** | यादगिर | गोगी | 4,267 | अन्वेषणात्मक खनन केन्द्र |
| | | कंचनकायी | 2,194 | अन्वेषणाधीन |
| | | हुलकल | 800 | अन्वेषणाधीन |
| | दक्षिण कनाडा | वाल्कुंजी-येलाक्की | 415 | लघु निक्षेप |
| | **पूर्ण योग** | | **7,676** | |
| **छत्तीसगढ़** | राजनांदगांव | बोडल | 1,530 | लघु निक्षेप |
| | | भंडारीटोला | 518 | लघु निक्षेप |
| | सरगुजा | जाजवल | 1,438 | लघु निक्षेप |
| | | दुमाथ – धाबी | 500 | लघु निक्षेप |
| | **पूर्ण योग** | | **3,986** | |
| **उत्तर प्रदेश** | सोनभद्र | नक्टु | 785 | अन्वेषणाधीन |
| | **पूर्ण योग** | | **785** | |
| **उत्तराखंड** | रुद्रप्रयाग | पोखरी - तुंजी | 100 | लघु निक्षेप |
| | **पूर्ण योग** | | **100** | |
| **हिमाचल प्रदेश** | उना | राजपुरा | 364 | अन्वेषणाधीन |
| | शिमला | काशा - कलाडी | 200 | लघु निक्षेप |
| | मंडी | तिलेली | 220 | लघु निक्षेप |
| | **पूर्ण योग** | | **784** | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **महाराष्ट्र** | गोंदिया | मोगर्रा | 355 | लघु निक्षेप |
| | **पूर्ण योग** | | **355** | |
| **कुल योग** | | | **3,82,675** | |

*नरवापहाड़ गभीर और सिंगरीडुंगरी-बनाडुगरी के यूरेनियम स्रोतों का पुनःवितरण यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) द्वारा खनन पट्टा क्षेत्रों की परिसीमाओं के साथ यूरेनियम स्रोतों की पुनःढ़लाई के अनुसार किया गया है।